| | | | |
|---|---|---|---|
| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br><br>**Mock Paper - 2024** | | **Course:** | I PUC |
| | | **Subject:** | Hindi |
| | | **Max. Marks:** | 80 |
| | | **Duration:** | 3:15 |

**सूचना :** १) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |
२) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |

**I.अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10x1=10**

1. दिल का दौरा और एनजाइना आम तौर से कितने वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में देखे जाते हैं?
   i) 50  ii) 70  iii) 45  iv) 36

2. कितने अनट्रेंड अध्यापकों का चुनाव था?
   i) 300  ii) 200  iii) 150  iv) 250

3. 'राष्ट्र का स्वरुप' पाठ का लेखक कौन है?
   i) विवेकी राय  ii) वासुदेव शरण अग्रवाल  iii) विष्णु प्रभाकर  iv) शान्तिस्वरुप बौद्ध

4. बसवेश्वर के अनुसार ज्ञान से क्या दूर होता है?
   i) अज्ञान  ii) तमंध  iii) असत्य  iv) माया

5. गोपी कृष्ण की मुरली कहाँ नहीं रखना चाहती?
   i) अपने माथे पर  ii) अपने हाथों पर  iii) अपने सिर पर  iv) अपने अधरों पर

6. युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए|
   i) सुकेशी  ii) पूनम  iii) मनोरमा  iv) मालती

7. जहाँ चाह होती है वहाँ क्या बनने लगती है?
   i) गली  ii) मोड़  iii) मंजिल  iv) राह

8. सुख की एक साँस पर क्या निछावर है?
   i) अमरत्व  ii) दुनिया  iii) प्रेम  iv) स्वर्ग

9. शिल्पी ने किस ओर संकेत किया है?
   i) वृक्ष की ओर  ii) आकाश की ओर  iii) नदी की ओर  iv) मिट्टी के लौंदे की ओर

10. कवि किससे बिछुड़कर रह गया है?
    i) अपनी माँ से  ii) अपनी पत्नी से  iii) अपने मुग्ध मीत से  iv) अपनी प्रेमिका से

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए :** **5x1=5**
**(से, के, का, पर, ने)**

11. i) बिल्ली ----------- चूहे को मारा|
    ii) दरवाज़े --------- कौन खड़ा है|
    iii) छत ------ ऊपर मत कूदो|
    iv) उसे पद ------ हटा दिया गया|
    v) यह मोहन ---- घर है|

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **5x1=5**

| | |
|---|---|
| 12. i) खून पसीना एक करना | क्रोध से भर जाना |
| ii) पीठ दिखाना | बहुत परिश्रम करना |
| iii) आग बबूला होना | भीख माँगना |
| iv) आँचल पसारना | व्यर्थ में दखल देना |
| v) टाँग अड़ाना | हार कर भागना |

**II.अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x2=6**

13. आनंदी का चरित्र चित्रण कीजिए|
14. ह्रदय रोग से बचने व काबू पाने के लिए क्या - क्या एहतियात बरतने चाहिए?
15. लंडन के गोलमेज सम्मेलन में अंबेडकर जी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **3x2=6**

16. निंदा का उद्गम ही हीनता और कमजोरी से होता है|
17. तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेंगी और न डाँटेंगी|
18. यह प्रणाम भाव ही भूमि और जन का दृढ़ बंधन है|
19. ह्रदय का गुण ही धड़कना है|

**III.अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x2=6**

20. मीराबाई की कृष्ण भक्ति का वर्णन कीजिए |
21. सीताजी अपनी कुटिया में कैसे परिश्रम करती थीं?
22. 'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए |
23. नारी के बचपन का चित्रण कीजिए |

**आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **4x2=8**

24. गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूँ पायँ।
बलिहारी गुरु आपने, जिन गोविन्द दियो बताय।।

**अथवा**

कहते हैं कनक माया है, कनक माया नहीं
कहते हैं कामिनी माया है, कामिनी माया नहीं
कहते हैं माटी माया है, माटी माया नहीं
मन के आगे जो चाह है , वही माया है गुहेश्वर।

25. देखते देखा मुझे तो एक बार
इस भवन की ओर देखा, छिन्नतार।
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टी से,
जो मार खा रोई नहीं।

**अथवा**

दुःख दैन्य अश्रु दारिद्रय धार -
कर गए मुझे ही मनो- नीत
तूफान और इस आंधी में सुनवाने
रज का जीव गीत।

**IV. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

26. मधुआ पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।
27. मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट कीजिए।
28. वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
29. चंद्रप्रकाश को अपनी विवशता पर क्यों क्षोभ हुआ?
30. सिलिया ने अपने संकल्प को किस प्रकार साकार किया?
31. सिद्धेश्वरी की आँखों से आंसू क्यों टपकने लगे?

**V. आ. वाक्य शुद्ध कीजिए:** **2x1=2**

32. i) मैं स्कूल जाना है।
ii) लता को गीत गानी है।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **2x1=2**

33.i) कल मेहमान आएंगे। (भूतकाल में बदलिए)
ii) बालक खा रहा था। (वर्तमान काल में बदलिए)

**इ)   अन्य लिंग रूप लिखिए:** **2x1=2**

34.   i) देवर          ii) लड़की

**ई)  अन्य वचन रूप लिखिए:** **2x1=2**

35.  i) छात्र             ii) तारा

**उ)  समानार्थक शब्द लिखिए:** **2x1=2**

36. i) वृक्ष             ii) फूल

**V.अ)  निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x1=5**

37. चलना मनुष्य का स्वभाव है।  पानी भी चलता है, हवा भी चलती है, समय भी चलता है और मनुष्य भी चलता है।  प्राचीन समय में एक स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था। कई बार यात्रा इतनी लम्बी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे, मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे। फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा। इन्हें चार लोग उठाते थे, मगर रास्ते में चलते चलते थकते लोगों की जगह लेने के लिए आठ या बारह लोग साथ में चलते थे।  पालकियों का प्रयोग स्त्रियों के लिए किया जाता था। पहिये के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया।  इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाडी द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी। धीरे- धीरे इसी पहिये से मशीन से चलनेवाली गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगी।

**प्रश्न:**

1) चलना किसका स्वभाव है?
2) प्राचीन समय में एक स्थान से दुसरे स्थान पर जाने के लिए मनुष्य क्या करता था?
3) पालकियों का प्रयोग किनके लिए होता था?
4) मनुष्य का जीवन कैसे बदल गया?
5) पहिये के आविष्कार से सर्वप्रथम किसके द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी?

**आ)38. चार दिन की छुट्टी मांगते हुए अपने प्राचार्य को एक पत्र लिखिए।** **1x5=5**

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

39. i) Friends are our real well wishers.
ii) Srirangapattana is very near to Mysore.
iii) I am unable to do this work.
iv) Birds have two wings.
v)  We are living in the age of science.